# अध्याय - 2 | विश्व जनसंख्या

## QUIZ-01

1. **जनसंख्या घनत्व को सबसे अच्छी तरह से कैसे परिभाषित किया जा सकता है?**
   A. किसी क्षेत्र में शहरों की संख्या
   B. किसी क्षेत्र में रहने वाले लोग
   C. जनसंख्या और भूमि क्षेत्र का अनुपात
   D. किसी क्षेत्र में परिवारों की संख्या (C)

*व्याख्या :* जनसंख्या घनत्व = जनसंख्या ÷ भूमि क्षेत्र। यह दर्शाता है कि किसी क्षेत्र में कितने लोग प्रति वर्ग किलोमीटर में रहते हैं।

2. **विश्व की कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत केवल 10% भूमि क्षेत्र में निवास करता है?**
   A. 50% B. 90%
   C. 70% D. 60% (B)

*व्याख्या :* अध्याय के अनुसार, विश्व की 90% जनसंख्या केवल 10% भूमि क्षेत्र में रहती है, जिससे असमान जनसंख्या वितरण का पता चलता है।

3. **नदी घाटियों में उच्च जनसंख्या घनत्व का प्रमुख कारण क्या है?**
   A. खनिज की उपलब्धता
   B. सुखद जलवायु
   C. समतल भूमि और उपजाऊ मिट्टी
   D. ताजे पानी की उपलब्धता (D)

*व्याख्या :* नदियों के किनारे लोग इसलिए बसते हैं क्योंकि पीने, सिंचाई, पशुओं और उद्योगों के लिए ताजा पानी आसानी से मिलता है।

4. **निम्नलिखित में से कौन-सा आर्थिक कारक जनसंख्या वितरण को प्रभावित करता है?**
   A. उपजाऊ मिट्टी B. खनिज संसाधन
   C. पर्वत श्रृंखलाएँ D. जल निकाय (B)

*व्याख्या :* खनिजों वाले क्षेत्र उद्योगों को आकर्षित करते हैं जिससे रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। जैसे अफ्रीका का कातांगा क्षेत्र तांबे के कारण घना बसा है।

5. **जनसांख्यिकीय संक्रमण के द्वितीय चरण में जनसंख्या वृद्धि का प्रमुख कारण क्या है?**
   A. उच्च मृत्यु दर B. जन्म दर में गिरावट
   C. मृत्यु दर में कमी D. शहरी प्रवास (C)

*व्याख्या :* दूसरे चरण में बेहतर स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं के कारण मृत्यु दर घटती है जबकि जन्म दर उच्च बनी रहती है जिससे जनसंख्या तेजी से बढ़ती है।

6. **निम्नलिखित में से कौन-सा प्रवासन का पुश (Push) कारक नहीं है?**
   A. महामारी B. बेरोजगारी
   C. जल संकट D. शांति और स्थिरता (D)

*व्याख्या :* पुश कारक वे होते हैं जो लोगों को क्षेत्र छोड़ने के लिए मजबूर करते हैं, जबकि शांति और स्थिरता एक पुल कारक है जो लोगों को आकर्षित करती है।

7. **जन्म और मृत्यु के अलावा वास्तविक जनसंख्या वृद्धि में कौन-सा घटक जुड़ता है?**
   A. प्रजनन दर B. साक्षरता दर
   C. प्रवासन D. शहरीकरण (C)

*व्याख्या :* वास्तविक जनसंख्या वृद्धि = जन्म – मृत्यु + आगमन प्रवासन – प्रस्थान प्रवासन। प्रवासन एक महत्वपूर्ण घटक है।

8. **जनसंख्या अध्ययन में CBR का पूर्ण रूप क्या है?**
   A. सामान्य जन्म दर
   B. सामूहिक जन्म दर
   C. क्रूड बर्थ रेट
   D. गणितीय जन्म अनुपात (C)

*व्याख्या :* CBR (Crude Birth Rate) प्रति 1,000 जनसंख्या पर वर्ष में होने वाले जीवित जन्मों की संख्या होती है। यह प्राकृतिक वृद्धि को दर्शाता है।

9. **जनसांख्यिकीय संक्रमण के किस चरण में जन्म और मृत्यु दर दोनों निम्न होती हैं?**
   A. चरण I B. चरण II
   C. चरण III D. चरण IV (C)

*व्याख्या :* तीसरे चरण में समाज शहरी, शिक्षित और तकनीकी हो जाता है। जन्म और मृत्यु दर दोनों गिर जाती हैं जिससे जनसंख्या स्थिर हो जाती है।

10. **किस विद्वान ने यह सिद्धांत दिया था कि जनसंख्या वृद्धि खाद्य आपूर्ति से तेज़ होती है?**
    A. जॉर्ज क्रेसी B. राल्फ इमर्सन
    C. थॉमस माल्थस D. पॉल एर्लिच (B)

*व्याख्या :* 1798 में माल्थस ने सिद्धांत दिया कि यदि जनसंख्या की वृद्धि को नियंत्रित नहीं किया गया, तो यह भोजन की आपूर्ति से आगे निकल जाएगी और अकाल, बीमारी और युद्ध से जनसंख्या में गिरावट आएगी।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
VIDEO COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES